**O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA**
Phone: 07762-227042, 299255, JSP ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

# PRACTICE PAPER (PT-2) 2023-24

**Subject - HINDI** **Class - V**
**Time - 180 min** **MM - 80**
**Name of the student ____________________________________** **Section -**

## (खंड-अ)

**प्रश्न1- नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए –**

आज बच्चों की सभा हुई | उन्होंने ने विचार किया कि वे रोज़ शाम को कॉलोनी के पार्क की सफ़ाई करेंगे | वे प्लास्टिक की थैलियाँ भी प्रयोग नहीं करेंगे | प्लास्टिक की थैलियाँ प्रदूषण बढ़ाती हैं | वे अपनी कॉलोनी में दो कूड़ेदान भी रखवाएँगे | सभी लोग अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालेंगे |

**उत्तरों के सही विकल्प चुनिए-**

(क) आज किनकी सभा हुई ?
(अ) महिलाओं की (ब) अध्यापकों की
(स) बच्चों की (द) नेताओं की

(ख) सभा में विचार किया गया -
(अ) अधिक पढ़ाई कैसे की जाए ? (ब)प्रतियोगिता की तैयारी कैसे की जाए ?
(स) निर्धनों की मदद कैसे की जाए? (द) वातावरण को स्वच्छ कैसे रखा जाए ?

(ग) बच्चे रोज़ शाम को सफ़ाई करेंगे -
(अ) अपने-अपने घरों की (ब) दो गलियों की
(स) कॉलोनी के पार्क की (स) पूरी कॉलोनी की

(घ) सभी लोग अपने घर का कूड़ा कहाँ डालेंगे-
(अ) गली के कोने पर (ब) कूड़ेदान में
(स) दूसरी कॉलोनी में (द) सड़क

**प्रश्न2- नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखिए-**

देश हमारा सबसे प्यारा
ऊँची इसकी शान है |
ऊँचे-पर्वत बहती नदियाँ
सब देशों में महान है |
हिमगिरि इसका मुकुट सुशोभित
सागर चरण पखार रहा |
हर मौसम आता खुशियाँ ले
इसका रूप सँवार रहा |

**उत्तर के सही विकल्प चुनिए-**

(क) हमारा देश कैसा है ?
(अ) प्यारा (ब) न्यारा (स) दुलारा (द) सुनहरा

(ख) देश का मुकुट किसे कहा गया है ?
(अ) नीलगिरि (ब) हिमगिरि (स) जलगिरि (द) नंदा देवी
(स) कौन चरण पखार रहा है ?
(अ) नदी (ब) सागर (स) पर्वत (द) पठार
(द) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक है –
(अ) मेरा राज्य (ब) मेरा देश (स) मेरी राजधानी (द) मेरा नगर

## (खंड-ब)

### प्रश्न3- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क)किसी भी जगह का पिनकोड ---------अंकों का होता है |
(ख)आदिवासी आमतौर पर --------की पूजा करते हैं|
(ग) छब्बीस साल की इला गुजरात के -------ज़िले में रहती थी |
(घ)खिलौनेवाला --------तोता लाया था |
(ङ)मंत्री ने अपने बेटे को--------भेजा |
(च)-------और ------प्रजाति के कबूतर डाक सन्देश भेजने के काम में लाया जाता है |
(छ)वीर बनो,--------------नहीं |
(ज)---------भाषा की सबसे छोटी इकाई है |
(झ)वर्णों के ----------मेल से शब्द बनते है |
(ञ)पत्र भाषा का ---------रूप है |
(ट)वर्णों का व्यवस्थित समूह -------------कहलाता है |
(ठ)स्वरों के लिए निर्धारित चिह्न ---------- कहलाते हैं |

### प्रश्न4-नीचे दिए गए विलोम शब्दों का उचित मिलान कीजिए -

| | |
|---|---|
| (क) उतार | (I) नीरस |
| (ख) स्वस्थ | (II) सायं |
| (ग) पाप | (III) अंत |
| (घ) बंधन | (IV) पुण्य |
| (ङ) आरम्भ | (V) चढ़ावा |
| (च) प्रातः | (VI) मुक्ति |
| (छ) सरस | (VII) अस्वस्थ |

### प्रश्न5-नीचे दिए गए सही कथन के सामने सही (✓) तथा गलत के सामने गलत (×) का निशान लगाइए –

(क) लोनपोगार का बेटा भोला-भाला था | ( )
(ख) केशव बारह साल का था | ( )
(ग) मलमली धोती का बादामी रंग खिल उठा | ( )
(घ) कविता में बच्चा रामचंद्र बनना चाहता है | ( )
(ङ) पिनकोड की शुरुवात डाक तार विभाग ने की थी | ( )
(च) मचिया पर खादी की काली साड़ी पहने हुए दादी बैठी थी | ( )
(छ) पोंगल बनाने के लिए मटके को धूप में रखा जाता है | ( )
(ज) लिपि में साहित्य लिखा जाता है | ( )
(झ) मात्राओं का प्रयोग व्यंजनों के साथ होता है | ( )

(ञ) दीर्घ स्वरों की संख्या पाँच होती है | ( )

## प्रश्न6-किसने किससे कहा ? लिखिए |

(क) "क्या तुम मुझे नक्काशी करना सिखाओगे?'

(ख)"तुम तो अभी से इतने प्रसिद्द हो गए हो |'

(ग)"हुज़ूर! माफ़ करें |"

(घ)"मैं रस्सी बना दूँगी |"

(ङ)"तुम इन्हें लेकर शहर जाओ|"

## प्रश्न7-निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाविशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए-

(क) बकरी धीरे-धीरे चल रही है |

(ख) मैंने आज खाना खाया |

(ग) सभी खिलाड़ी अच्छा खेले |

(घ) मैं जयपुर से कल लौटूँगा |

## प्रश्न8-निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक शब्द चुनकर लिखिए–

(क) मैं मित्रों के साथ खेलता हूँ |

(ख) धूप के कारण यात्री पेड़ के नीचे बैठे थे |

(ग) गंगा कानपुर के पास बहती है |

(घ) अमोल घोड़े के पीछे जा रहा है |

## प्रश्न9-निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए-

(क) भूखा (ख) चतुर (ग) प्यासा (घ) महान ङ) ऊँचा

## प्रश्न10- निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए–

(क) घोटक (ख) मयूर (ग) घृत (घ) सर्प ङ) अश्रु

### (खंड-स)

## प्रश्न11-नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) जिनके पास घड़ी नहीं होती वे समय का अनुमान किस तरह से लगाते हैं ?

(ख) अक्सर आप किस तरह की बातों पर रूठते हो ?

(ग) रामचंद्र जी की कोई चार विशेषताएँ लिखिए |

(घ) 'राख की रस्सी' पाठ से क्या-क्या शिक्षाएँ मिलती हैं ?

(ङ) विकारी शब्दों की क्या पहचान है ?

(च) संयुक्त व्यंजन कैसे बनते हैं ?

(छ) व्याकरण हमें क्या सिखाता है ?

(ज) सदा एकवचन में प्रयोग होने वाले तीन शब्द लिखिए |

(झ) ऐसे तीन शब्द लिखिए, जो सदा स्त्रीलिंग रहते हैं

(ञ) संज्ञा के भेदों के नाम बताइए |

(ट) संबंधबोधक क्या काम करता है ?

(ठ) पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा ?

(ड) 'जहाँ चाह वहाँ राह' पाठ से क्या-क्या शिक्षाएँ मिलती है ?

(ढ) अकबर को पहरेदार की दखलंदाज़ी अच्छी क्यों नहीं लगी ?

## (खंड-द)

### प्रश्न12-पत्र लेखन

वृक्षारोपण का महत्त्व बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए |

अथवा

पुस्तक विक्रेता को पुस्तकें मँगवाने हेतु पत्र लिखिए |

### प्रश्न13- किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए -

(क) वर्षा ऋतु (ख) वन महोत्सव (ग) विद्यालय में गणवेश की भूमिका या अनिवार्यता

### प्रश्न14- नीचे दिए गए चित्र को देखकर तीस से चालीस शब्दों में वर्णन कीजिए–




----------++++++++++--------+++++++++++---------------